भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2057
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 14 मार्च, 2022
23 फाल्गुन, 1943 (शक)

मधुबनी और दरभंगा के धरोहर स्थलों के लिए वित्तीय सहायता

2057. श्री अशोक कुमार यादव:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा राज्यों को ऐतिहासिक स्थलों, धरोहर स्थलों के रख-रखाव और पर्यटन विकास के लिए केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान बिहार को जारी की गई निधि और उन पर किया गया खर्च कितना है: और

(ग) क्या सरकार के पास बिहार के मधुबनी और दरभंगा जिलों में उक्त सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के रख-रखाव और पर्यटन विकास के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हां । सरकार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के माध्यम से राज्यों में प्राचीन अंसरक्षित स्मारकों का संरक्षण संबंधी कार्य करती है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय द्वारा संचालित अन्य स्कीमों जैसे स्वदेश दर्शन और तीर्थयात्रा कायाकल्प तथा आध्यात्मिक विरासत सवर्द्धन अभियान (प्रसाद) के तहत भी केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

(ख): बिहार में पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत परियोजनाओं और उन किए गए व्यय का ब्यौरा **अनुबंध-क** में दिया गया है ।

बिहार में 70 केन्द्रीय संरक्षित स्मारक और स्थल हैं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवश्यकता और निधियों की उपलब्धता के अनुसार आवश्यक संरक्षण कार्य किए जाते हैं । संरक्षण और विकास कार्यों पर व्यय और आवंटन का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(राशि लाख रूपए में)

वर्ष	**आवंटन**	**व्यय**
2018-19	176.00	175.98
2019 -20	155.00	145.45
2020-21	123.00	123.00
2021-22	335.00	276.00 (09.03.2022 तक)

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास मधुबनी और दरभंगा जिलों में विरासत स्थलों के रख-रखाव और पर्यटन संबंधी विकास के लिए केंद्रीय वित्त सहायता उपलब्ध कराने से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुबंध-'क'

लोक सभा में दिनांक 14.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2057 के भाग (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

स्वदेश दर्शन योजना

(राशि करोड़ रुपए में)

सर्किट	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि
तीर्थंकर सर्किट	2016-17	वैशाली-आरा-मसंद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास	37.19	26.19	25.04
आध्यात्मिक सर्किट	2016-17	कांवड़िया रूट: सुल्तानगंज- धर्मशाला- देवघर का एकीकृत विकास	44.76	42.52	39.76
बुद्ध सर्किट	2016-17	बुद्ध सर्किट का विकास- बोध गया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	98.73	93.22	90.51
ग्रामीण सर्किट	2017-18	गांधी सर्किट: भितिहारवा - चंद्रहिया -तुर्कौलिया का विकास	44.65	35.72	22.33
आध्यात्मिक सर्किट	2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	47.53	38.02	36.39

प्रसाद योजना

(राशि करोड़ रुपए में)

क्रम सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	स्वीकृत लागत	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि
1	विष्णुपद मंदिर,गया , बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास **	2014-15	4.27	2.91	2.68
2	पटना साहिब में विकास**	2015-16	41.54	33.23	30.98

*****